नियमित सफाई, सेनेटाइजेशन व एंटीलार्वा छिड़काव के निर्देश

सेनेटाइज करते नगर निगमकर्मी।

शाहजहांपुर (एसएनबी)। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेशन, फागिंग एवं एंण्टीलारवा का छिड़काव किये जाने के निर्देश दिये। जिसके क्रम क्षेत्र में बने कन्टेनमेंट जोनो में जोनवार सफाई कार्य एवं सेनेटाइजेशन के साथ-साथ फागिंग एवं एंण्टीलारवा का छिड़काव का कराया गया।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में चिनौर के मोहल्ला आर्यनगर कालोनी,सावरकर नगर, श्यामतगजं गौटिया के मोहल्ला अशोक बिहार कालोनी, शान्तिपुरम कालोनी, रौजा जोन के मोहल्ला आदर्श नगर कालोनी,रौजा अडडा, चर्च कालोनी, नवादा इन्देपुर, काशीराम कालोनी में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 6 हजार भवनो 1 हजार व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 5 मुख्य बाजारो जैसे- बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगंज एवं रौजा अड्डा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल एवं आबादी वाले में क्षेत्रों सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त के साथ सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, हरवंष दीक्षित एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

टाउनहाल व आबादी वाले क्षेत्रों में कराया सघन सेनेटाइजेशन

आर्य महिला की छात्राओं ने कोविड के प्रति किया जागरूक

शाहजहांपुर। आर्य महिला डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. रानू दुबे के निर्देशन में एक आनलाइन मीटिंग का अयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कोविड के प्रति सुरक्षा को लेकर लोगो को जगरुक करते रहना है, और योग करने को प्रेरित करना है। इसी श्रंखला में बबीता ने योग के फायदे बताए और आयुषी ने टीकाकरण के फायदे और सरकार की योजनाओं के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से बचाव हेतु टीका करण के संबंध में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाये संयुक्त प्रयास द्वारा सोशल मीडिया व व्यक्तिगत संपर्क द्वारा कोविड-19 की गाइडलाइंस का पालन करते हुए जन जागरूकता अभियान लगातार चला रही हैं।

कोविड-19 की त्रासदी के इस दौर में टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार 45 वर्ष या उससे ऊपर की आयु के लोगों की टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। टीकाकरण में दो डोज दी जा रही हैं दोनों डोज में केंद्र सरकार की नीति के अनुसार 6 से 8 सप्ताह का अंतराल निर्धारित किया है। स्वयंसेविका प्रीति ने सड़क पर रंगोली बनाकर, आयुषी ने जरूरतमंदको मास्क देकर दूसरों को भी सेवा भाव के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. रानू दुबे ने बताया वैक्सीन लगवाने के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास जारी है।

वैक्सीन के प्रति जन जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की छात्राओं एवं सभी स्वयं सेविकाओं का सहयोग रहा और सभी ने वैक्सीन को लेकर लोगों की भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास भी कर रही हैं। स्वयं सेविकाओं ने घर-घर जाकर संपर्क करके एवं पोस्टर के माध्यम जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इसी के साथ साथ स्वयं सेविकाओं ने आनलाइन मीटिंग के माध्यम से अपने अपने कार्यो को साझा किया कि किस प्रकार हम और अच्छे से लोगों को प्रेरित कर सकते हैं। आनलाइन मीटिंग में प्रीति, बबीता, अंजली चौहान, आयुषी, दिव्या, अंजली प्रजापति आदि ने अपने अपने कार्यक्षेत्र के अनुभव साझा किए और सभी को प्रेरित भी किया। कार्यकमम में ऋषभ का सहयोग रहा।